**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय,
राज्य मंत्री प्रधान मंत्री कार्यालय,
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
परमाणु उर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग,
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

**DR. JITENDRA SINGH**
Minister of State (Independent Charge),
Ministry of Science & Technology,
Ministry of Earth Sciences,
Minister of State, Prime Minister's Office,
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions,
Department of Atomic Energy & Department of Space,
Government of India



# <u>संदेश</u>

आप सभी को हिंदी दिवस (14 सितंबर) के शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

राजभाषा हिंदी में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग को, 300 से कम कार्मिक वाले मंत्रालयों/विभागों की श्रेणी में, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा, वर्ष 2024-2025 के लिए, राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम) के लिए चुने जाने पर, विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को, बहुत-बहुत बधाई। यह हर्ष का विषय है कि विभाग को यह पुरस्कार, लगातार दूसरे वर्ष भी प्राप्त हो रहा है।

विविधता में एकता, भारत की अनूठी विशेषता है। यह विशेषता, हिंदी के साथ-साथ, देश की भिन्न-भिन्न भाषाओं के संगम में भी परिलक्षित होती है। भाषायी विविधता के साथ-साथ, हिंदी भारत जैसे विशाल देश में संपर्क भाषा का काम करती है क्योंकि अधिकांश देशवासी, हिंदी बोलते और समझते हैं। हिंदी भाषा के इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए, 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया गया और तभी से प्रत्येक वर्ष यह दिन, हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आज माननीय प्रधानमंत्री जी, श्री नरेंद्र मोदी जी, के नेतृत्व में, हिंदी भाषा ने ऊंचाइयों को छुआ है और हिंदी भाषा के माध्यम से ही, भारत की संस्कृति, समूचे विश्व में फल-फूल रही है। अब हिन्दी विश्वभाषा का दर्जा हासिल कर रही है।

हिंदी दिवस के अवसर पर मैं, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा एनसीजीजी के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और आह्वान करता हूँ कि आप सभी अपना समस्त प्रशासनिक कार्य हिंदी में ही करके राजभाषा हिंदी का गौरव बढ़ाएं।

जय हिंद!

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg
South Block, New Delhi - 110011